हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

14 वेदांता पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मना


16 हथबंद विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं...





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### चाकू लेकर घुमते पकड़ाये पांच युवक

**भाटापारा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी धारदार हथियार चाकू रखने की बात आम हो गई है। खासकर युवा वर्ग चाकू रखकर बेखौफ घूम रहे हैं और इसी बीच किसी से कोई बात हो जाय तो चाकू से प्राणघातक हमला करने की घटना आये दिन घटित हो रही है। इसी के चलते ग्रामीण थाना पुलिस ऐसे चाकू बाजों की तलाशी के लिए सख्त कदम उठायी है। ग्रामीण थाना टीआई हेमंत पटेल ने ग्रामीण क्षेत्र के गांव से पांच लोगों को पकड़ा, जिसमें छोटू पिता भगवानी 24 वर्ष ग्राम तरेगा, हरीश पिता ईश्वर 19 वर्ष तरेगा, प्रकाश गुरु पिता परमेश्वर 32 वर्ष ग्राम दुर्गा बांदा, प्रहलाद यदु पिता दशरथ 28 ग्राम सेमरिया ब, गेंदराम पिता दिलहरन 27 साल ग्राम तरेंगा चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा गया। उसके विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### गणतंत्र दिवस : 10 टुकड़ियों ने झण्डे एवं अतिथियों को दी सलामी

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिला मुख्यालय में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। पं. चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकार परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। जिला स्तरीय समारोह प्रातः 9 बजे मुख्य सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ने कलेक्टर व एसपी के साथ परेड निरीक्षण किया। जिला पुलिस बल, केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल,नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट -गाइड एवं रेडक्रॉस सहित 10 टुकड़ियों ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर एवं परेड 2 आईसी मेघनाथ बंजारे ने किया। ▶▶ शेष पेज 14 पर

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान






### सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक झांकियां

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम वर्धमान विद्यापीठ, द्वितीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलौदाबाजार, तृतीय स्वामी आत्मानंद एम.डी.व्ही. बलौदाबाजार तथा सांत्वना पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर बलौदाबाजार ने प्राप्त किया। इसी तरह विभागीय झांकियों में प्रथम स्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, द्वितीय जिला पुलिस एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त की।



### 49 अधिकारी कर्मचारी सम्मानित

मुख्य अतिथि ने 49 शासकीय कर्मियों का जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इसमें राजस्व विभाग से सुनीता वर्मा, आकाश पाटकर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल से तेजपाल दुबे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से अश्वनी कुमार पटेल, रेणु वर्मा, हेमंत कुमार जोगी, प्रदीप निषाद, माधुरी आडील, संतकुमारी साहू,कामता प्रसाद ध्रुव, शिक्षा विभाग से भारती मढरिया, रमेश चंद्र खोटे, अनुराधा शुक्ला, तेजकुमार कुर्रे, उद्यान विभाग से गोपाल प्रसाद कोसले, आबकारी विभाग से राधागिरी गोस्वामी, जिला कोषालय से विनोद कुमार सोनी, आयुष विभाग से दीपक कुमार वर्मा, कृषि विभाग से अवधेश कुमार राठौर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से आर.के. ध्रुव, चिकित्सा विभाग से रीना सलूजा, कुसुम बांधे, संपर्क केंद्र से राजकुमार पटेल, पशु चिकित्सा विभाग से नरेंद्र चौधरी, दयाराम यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग से वंदना बड़ा, योगेश्वरी साहू, जल प्रबंधन संभाग क्र- 2 बलौदाबाजार से हरीश कुमार वर्मा, भू-अभिलेख शाखा से राकेश देवांगन, वन विभाग से गीतेश कुमार बंजारे, धनेश्वर कुमार ध्रुव, दीपक निर्मलकर,नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार से रोहित भारती, सीएसपीडीसीएल भाटापारा से पुनीत शुक्ला, पूजा महिलांग शामिल है। इसी तरह पुलिस विभाग सेनिरीक्षक प्रणाली वैद्य, अजय झा, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन, संदीप बंजारे, सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा, पुष्पा राठौर, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल, सत्य प्रकाश मरकाम, सुरज बंजारे, अनवर कुर्रे, राकेश शर्मा, युगल किशोर ध्रुव, रमाकांत साहू, सोमेश्वर खूंटे शामिल हैं।

## टुण्डरा में 10 हजार क्विंटल धान खरीदी शेष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति अब इन दिनों किसानों एवं अधिकारियों के लिये भारी मुसीबत साबित होने लगी है। टुण्डरा खरीदी केंद्र में 10 हजार क्विंटल धान की खरीदी शेष है। पंजीकृत किसान अपने पात्रता मात्रा के धान को बेचने के लिए टोकन कटाने पसीना बहा रहे हैं। किसानों के घर में सत्यापन करने का नियम बना देने से सत्यापन कर्ता का बाट जोह रहे हैं। अब केवल तीन दिवस धान खरीदी शेष बचा है एवं टोकन कब जारी होगा ये बताने वाला कोई नहीं है। ऐसे में धान बेचने के लिये इंतजार कर रहे किसान अपना धीरज खो रहे हैं। इस बात की चिंता सताने लगी है, कि हम कहीं धान बेचने से वंचित तो नहीं हो जायेंगे। किसानों ने ऐसी स्थिति में अंतिम दिवस के एक दिन पहले धान खरीदी केन्द्र में बिना टोकन कटे पंजीकृत मात्रा के धान को खरीदी केन्द्र में पहुंचाने का मन बना लिये हैं। इसी कड़ी में 27 जनवरी को नगर टुण्ड्रा के किसानों एवं नगर कांग्रेसियों ने नोडल अधिकारी होलिका प्रसाद कैवर्त्य को समिति अध्यक्ष रामप्रसाद साहू के उपस्थिति में ज्ञापन दिये। अब देखना होगा कि शेष रह गये 146 किसानों का टोकन कट पाता है कि नहीं, यदि ▶▶ शेष पेज 14 पर

> ■ खरीदी केंद्र में बगैर टोकन धान पहुंचाने किसानों ने लिया निर्णय, सौंपा ज्ञापन

## गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण में लापरवाही, सरपंच के इंतजार में घंटों खड़ा रहा स्कूल स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

तहसील मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत तिल्दा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर लापरवाही सामने आयी है। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के निर्धारित समय की अनदेखी कर, किसी विशेष आदेश के अभाव में भी सरपंच और जनप्रतिनिधियों का घंटों इंतजार किया गया, जिससे ध्वजारोहण में देरी हुई।

शासन द्वारा सरपंच से ध्वजारोहण कराने का कोई विशेष आदेश नहीं होने के बावजूद, प्रधान पाठक हरि प्रसाद पटेल एवं स्टाफ ने जनप्रतिनिधियों की प्रतीक्षा की।

जहां सरकारी संस्थानों में सुबह 8 बजे तक ध्वजारोहण पूर्ण हो जाता है, वहीं तिल्दा में व्यक्तिगत खुशामद के चक्कर में तिरंगे की गरिमा और समय का ध्यान नहीं रखा गया।

बीईओ राजेंद्र टंडन ने स्पष्ट किया कि सरपंच के इंतजार में ध्वजारोहण रोकना प्रोटोकॉल का



उल्लंघन है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने इस घोर अनुशासनहीनता पर संज्ञान लेते हुए संस्था प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं। राष्ट्रीय ध्वज किसी भी व्यक्ति विशेष से ऊपर है। ध्वजारोहण में देरी करना अनुशासनहीनता का प्रतीक है, जिस पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।







### शहीद युगल किशोर वर्मा स्कूल में पीने के लिए पानी की व्यवस्था तक नहीं

# जर्जर स्कूल भवन 171 छात्रों के लिए बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर के मध्य में स्थित शहीद युगल किशोर प्राथमिक विद्यालय की स्थिति चरमरा सी गई है। इस स्कूल में पहली से पांचवी तक के 171 विद्यार्थियों को बैठकर पढ़ने के लिए एक ढंग का भवन नसीब नहीं हो रहा है। भवन की स्थिति जर्जर है। छत से प्लास्टर उखड़ने लगे हैं। दीवारों से प्लास्टर गिर रहे हैं। छत से छड़ दिखने लगी हैं। दुर्घटना के डर से शिक्षक बच्चों को कमरे से बाहर बिठाते हैं। गौरतलब है कि शहीद युगल किशोर वर्मा के नाम स्कूल तो है पर भवन की हालत बेहद चिंताजनक है।



स्कूल के 4 भवन ऐसे हैं, जो बिल्कुल खराब हो चुके हैं, भवन इस्तेमाल के लायक नहीं रह गया है, भवन के छत का सीमेंट उखड़कर नीचे गिर रहा है, जिससे छड़ साफ दिख रही है। वहीं कई जगह दरारे और सिलन से बदबू उत्पन्न होती है, इस कारण से बगल वाला स्टाफ रूम के साथ-साथ एक क्लास रूम भी प्रभावित हो रहा है। बरसात के दिनों में खराब भवन के प्रभाव से पढ़ने लायक क्लास रूम में भी छत से पानी टपकता है, जिससे वह भी जल्दी जर्जर हो जाएगा। वहीं जहां 3 भवन में क्लास लगती है, वह भवन भी पुराना है, जिसमें छत ढालकर रंग रोगन कर बच्चों को बैठाया जा रहा है।

### स्कूल में है पानी की समस्या

शहीद युगल किशोर के नाम स्कूल तो है, पर शासन प्रशासन ने सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं किया है, यहां पानी की भारी किल्लत है। बच्चों को मध्यान्ह भोजन के बाद विद्यालय के बाहर बने बेहद पुराने कुएं से काम चलता है। विद्यालय में एक बोर खनन हुआ है, उसमें भी पानी नहीं निकल रहा है। वहीं इस विद्यालय में स्मार्ट क्लास की भी जरूरत है, जिससे बच्चों को नया सीखने का अवसर प्रदान हो। पार्षद सभापति नेमसिंग बांधे ने बताया कि शहीद युगल किशोर वर्मा स्कूल के भवनों की हालत बेहद चिंताजनक है। छत और दीवारें जर्जर हो रहे हैं, जो दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। स्कूल के जीर्ण-शीर्ष हालत के कारण शिक्षक और पालकों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति चिंता बनी रहती है। प्रशासन को इस स्कूल भवन की मरम्मत के लिए गंभीरतापूर्वक ध्यान देना होगा।













संकलनकर्ता : शंकर सिंह राजपूत, मो. 9826123186

परमेश्वर वर्मा, मो. 7987665508

# प्रशासन एकादश और पत्रकार इलेवन टीम ने खेला क्रिकेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



■ बेहतर प्रदर्शन कर प्रशासन एकादश बना विजेता

गणतंत्र दिवस पर सोमवार को पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में प्रशासन एकादश और पत्रकार इलेवन के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। मैच में दोनों टीमों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें प्रशासन एकादश की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बना। विजेता टीम के कप्तान कलेक्टर दीपक सोनी एवं उप विजेता टीम के कप्तान नरेश गनशानी को ट्रॉफी प्रदान किया गया।

टॉस जीत कर प्रशासन एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी चुना और निर्धारित 7 ओवर में 7 विकेट खोकर 71 रन बनाए। 72 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रकार इलेवन की टीम ने निर्धारित 7 ओवर में 36 रन ही बना सके। इस तरह से प्रशासन एकादश 36 रन से विजयी हुआ। बैटिंग और बॉलिंग में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशासन एकादश से विनय वर्मा को मेन ऑफ़ द मैच एवं प्रशासन एकादश से अक्षय तिवारी व पत्रकार इलेवन से खिलेश्वर जायसवाल ऑल राउंडर रहे।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि इस प्रकार के खेल के आयोजन से मेल मिलाप बढ़ता है और एक दूसरे क़ो जानने का भी मौका मिलता है। खेल में हार -जीत होता ही है लेकिन सबसे बड़ी बात खेल भावना है जिसमें खिलाडी अपने टीम के लिए खेलता है। दोनों टीम के खिलाड़ियों ने टीम भावना के साथ उत्साह के साथ खेला। संचालक कृषि राहुल देव ने कहा कि बहुत अच्छा मैच रहा। प्रशासन और पत्रकार या नागरिकों के साथ इस तरह के मैच होने से सद्भावपूर्ण वातावरण बनता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, एसडीएम प्रकाश कोरी, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, पत्रकार दलजीत सिंह चावला, देवेश साहू, कुश अग्रवाल, राजेश्वर गिरी, राघवेंद्र सिंह, प्रदीप माहेश्वरी, राजा वालेचा, दीपेंद्र शुक्ला, रविकांत अग्रवाल सहित अधिकारी- कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# मिनीमाता कन्या विद्यालय में गणतंत्र दिवस मना



**कसडोल।** मिनीमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य सुश्री मीना ठाकुर एवं मुख्य अतिथि पुनेश्वर नाथ मिश्रा अध्यक्ष, शाला विकास समिति द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात मां सरस्वती एवं शहीदों के चित्रों की पूजा-अर्चना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि सहित विधायक प्रतिनिधि राजेश कन्नौजे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुदीप दास मानिकपुरी, पार्षदगण एवं अन्य अतिथियों का छात्र प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान की गरिमा, नागरिक अधिकारों, स्वतंत्रता, समानता एवं संप्रभुता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को संविधान के संरक्षण व पालन का संदेश दिया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, गीत एवं भाषण ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का निर्देशन श्रीमती ममता केवर्त्य एवं कु. योगेश्वरी मांडवी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य सुश्री मीना ठाकुर ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुसुम श्रीवास ने किया। समारोह में शिक्षक-स्टाफ, पालक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।































## खबर संक्षेप



### आजाद चौक शंकरवार्ड में ध्वजारोहण हुआ

**भाटापारा।** गणतंत्र दिवस पर आजाद चौक शंकरवार्ड में मुख्य अतिथि जय प्रकाश नारायण दीक्षित एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। कार्यक्रम अतिथियों ने जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर पार्षद नंदकिशोर वैष्णव व गणमान्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

### सशिमं में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समाजसेवी ईश्वरी देवांगन सहित अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने शारीरिक प्रदर्शन, पथ संचलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को प्रभावित किया। देशभक्ति गीत, भाषण व नृत्य प्रस्तुत किए गए। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को नगद पुरस्कार व मेडल से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति व आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन आभार व मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

### गणतंत्र दिवस : पुलिस परेड और पुलिस झांकी को भी सम्मानित किया गया

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

पं. चक्रपाणि स्कूल ग्राउंड बलौदाबाजार में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात जागरूकता, नशा मुक्ति, ऑपरेशन शुद्धि एवं सायबर जागरूकता को रेखांकित करते हुए पुलिस विभाग द्वारा तैयार झांकी को मुख्य अतिथि द्वारा द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड मार्च में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्रमशः पुरुष पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल को प्रथम एवं द्वितीय पुरुष प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में अपराध एवं जांच विवेचना कर अपराधियों को सजा दिलवाने वाले, अपराधियों की धरपकड़, प्रशंसनीय अनुशासन, जागरूकता कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अन्य उल्लेखनीय तथा प्रशंसनीय कार्य करने वाले कुल 14 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को माननीय मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी साइबर सेल , निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी कसडोल, उप निरीक्षक प्रियेस जॉन यातायात शाखा बलौदाबाजार , उप निरीक्षक संदीप बंजारे थाना प्रभारी गिधपुरी, सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार , सहायक उप निरीक्षक पुष्पा राठौर थाना भाटापारा ग्रामीण, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल थाना सिटी कोतवाली, प्रधान आरक्षक सत्य प्रकाश मरकाम यातायात शाखा सिमगा , आरक्षक सूरज बंजारे थाना पलारी, आरक्षक अनवर कुर्रे थाना गिधपूरी , आरक्षक राकेश शर्मा थाना राजादेवरी, आरक्षक युगल किशोर ध्रुव थाना सिमगा , आरक्षक रमाकांत साहू रक्षित केंद्र बलौदाबाजार, आरक्षक सोमेश्वर खूंटे पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार।





### कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न स्थलों पर मनाया गणतंत्र दिवस



**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के निर्देशानुसार लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन नगर के प्रमुख स्थलों गांधी चौक, अंबेडकर चौक, गार्डन चौक एवं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गरिमामय एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भारतीय संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी आस्था दोहराई। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे द्वारा गांधी चौक एवं जिला कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण के साथ हुआ। वहीं अंबेडकर चौक में नवनियुक्त ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू तथा गार्डन चौक में नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन ने तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यद्दु, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यद्दु, पूर्व मंडी अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवक कांग्रेस, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस तथा पार्षदगणों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान, सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने फहराया तिरंगा

**बलौदाबाजार।** लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस पर चैंबर ऑफ कॉमर्स बलौदा बाजार इकाई द्वारा नेहरू चौक में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के साथ ही उपस्थित व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान के माध्यम से तिरंगे को सलामी दी।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी बंधुओं की उपस्थिति रही, जिससे नेहरू चौक देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जुगल भट्टर, हेम केसरवानी, गोपाल केसरवानी, अभिषेक मिकी तिवारी, पवन जायसवाल, मुन्ना तिवारी, बद्री केसरवानी, दिलीप सिंह चावला, पप्पू सलूजा,







बाबा केसरवानी, गजेंद्र देवांगन, रोमी साहू, कृष्णा सेन, ऋषभ जैन, शंकर दुलानी, जिमी सलूजा, अक्षर अग्रवाल, श्याम केसरवानी, राजेश हबलानी, राज नारायण केसरवानी, इंदु पंजवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की शक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक समाज न केवल आर्थिक विकास में बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी व्यापारियों से ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया और सामाजिक न्याय, समानता एवं भाईचारे के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। व्यापारियों ने एकजुट होकर यह संकल्प भी लिया कि वे नगर के विकास, स्वच्छता, सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान करते रहेंगे। समारोह के अंत में एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों और उत्साहपूर्ण माहौल ने आयोजन को यादगार बना दिया।

## कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के पंथी दल की शानदार प्रस्तुति



**गिधौरी।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के बहनाकाडी पंथी दल ने मनमोहक प्रस्तुति देकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंथी कलाकारों को उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा गया। वंदे मातरम् थीम पर आधारित इस भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और गुरु घासीदास बाबा के संदेश को जीवंत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कलाकारों की प्रस्तुति को देशभर में सराहना मिली। रायपुर लौटने पर दल का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### वेदांता पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मना

**गिधौरी।** वेदांता पब्लिक स्कूल गिधौरी में गणतंत्र दिवस पर मंगलवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य राजा रमेश्वर वर्मा एवं सरपंच देवप्रसाद केवट थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।






### यज्ञ समिति ने मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति जताया

# संगीतमय प्रस्तुतियों से सजा श्री हनुमत महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित यज्ञ स्थल दशहरा मैदान में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ में संध्याकाल प्रतिदिन हो रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हैं। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित दर्शक विभिन्न कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों का देर रात तक आनंद ले रहे हैं।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्रीलंका से आए कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति, भाटापारा के डॉ. ललित ठाकुर एवं सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी वनवासी राम की संगीतमय मंचीय नाट्य प्रस्तुति, भजन गायक दीपक केशरी एवं गोवर्धन शर्मा की भजन संध्या ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं राजनांदगांव के प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायक महादेव हिरवानी एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत धरोहर सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंचमुखी हनुमान सुंदरकांड पाठ समिति भाटापारा, सरगम म्यूजिकल्स रायपुर तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा देशप्रेम व भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति बलौदाबाजार द्वारा इस 11 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, जिसमें दिन में दो पालियों में यज्ञ अनुष्ठान तथा संध्याकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। धरोहर कार्यक्रम के दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने भी अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को झूमने पर विवश कर दिया।

यज्ञ समिति की मांग पर मंत्री वर्मा द्वारा यज्ञ स्थल पर सभागार निर्माण कराए जाने पर समिति के अध्यक्ष, सचिव, संरक्षक एवं सदस्यों ने उन्हें सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, विद्याभूषण शुक्ला, विजय केशरवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

28 जनवरी को दो दिवसीय श्री हनुमत कथा मानस का आयोजन मानस केशरी पं. प्रमोद शास्त्री द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात 29 जनवरी को प्रातः पूजा-अर्चना के बाद पूर्णाहुति, संगीतमय कलश विसर्जन यात्रा भजन गायक दीपक केशरी के साथ दोपहर 1 बजे यज्ञ स्थल से प्रारंभ होगा। वहीं संध्या 5 बजे महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ संपूर्ण अनुष्ठान का होगा।

## पेज 9 के शेष

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल

समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू, टेकराम वर्मा के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों रेखा आडिल, रमन अग्रवाल, दुलेचंद वर्मा, किरण देवी चौहान का श्रीफल एवं शाल से सम्मान कर उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, अवधराम टण्डन, निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### टुण्डरा में 10...

किसान मजबूर हो कर बिना टोकन के मंडी पहुंचाते हैं तो व्यवस्था की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में विधायक प्रतिनिधि मोतीराम साहू, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रविशंकर बंजारे, सतीश कुमार साहू, नंदलाल वर्मा, पी के घृतलहरे, आनंदराम पटेल, द्वारिका साहू, दिलसाय साहू, युगल किशोर साहू, बोधराम आदि कृषक शामिल थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






















संकलनकर्ता: संजीव तिवारी, हरिभूमि संवाददाता, भाटापारा, मो.: 9827166722, राजीव तिवारी, मो.: 99262 91392

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
23 जनवरी 2026
SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय
11:30, 12:00, 3:00, 4:00, 6:30, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

**गणतंत्र दिवस : संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज**

# देश की रक्षा का संकल्प, शहर और गांवों में फहरा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



गणतंत्र दिवस पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ महातारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। राष्ट्रगान के पश्चात राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का गायन किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, अवधराम टण्डन, निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जय स्तम्भ चौक में विधायक इन्द्र साव ने किया ध्वजारोहन



भाटापारा। गणतंत्र दिवस पर नगर के जय स्तम्भ चौक में विधायक इन्द्र साव ने ध्वजारोहन किया। इसके पूर्व भारतमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना पश्चात अनुविभागीय अधिकारी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने मुख्य अतिथि इन्द्र साव सहित मंचस्थ अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। उदबोधन में विधायक इन्द्र साव ने कहा आज का दिन भारत के इतिहास के लिए अत्यंत गौरवशाली है। आज ही के दिन हमारा देश सम्प्रभु, समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकर देता है। हमारा संविधान देश की विविधता को एकता में बांधता है। यह हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। आजादी के बाद भारत को प्रजातांत्रिक गणराज्य बनाना कांग्रेस का संकल्प था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पालिका और फिल्टर प्लांट में हुआ ध्वजारोहण



भाटापारा। नगर पालिका परिषद में 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य कार्यक्रम नगर पालिका परिसर और फिल्टर प्लांट में आयोजित किए गए, जहां विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया तथा फिल्टर प्लांट परिसर में उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने तिरंगा फहराया। इस पूरे आयोजन में पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य अतिथियों द्वारा जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और मिशन क्लीन सिटी के नए वाहनों का लोकार्पण किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिवरतन शर्मा ने कहा आज का दिन हमारे संविधान की शक्ति को याद करने का है। नगर पालिका भाटापारा द्वारा स्वच्छता और जनसेवा के लिए जो नए वाहन समर्पित किए गए हैं, वे शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगेअश्वनी शर्मा ने कहा हमारा लक्ष्य भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है। आज लोकार्पित किए गए वाहन इस संकल्प को पूरा करने में मदद करेंगे। मैं उन सभी कर्मचारियों और नागरिकों को बधाई देता हूं, जिन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। हम मिलकर भाटापारा को प्रदेश का आदर्श शहर बनाएंगे।

## कुर्मी मंगल भवन में फहराया गया तिरंगा




बलौदाबाजार। कुर्मी समाज द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस शहर के सामाजिक भवन में मनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं की उपस्थिति में राजप्रधान सुनीता वर्मा ने ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान के साथ अमर शहीदों के जयकारे लगाए, संविधान दिवस अमर रहे, भारत माता की जय के नारों के साथ सामाजिक भवन गुंजायमान रहा। समाजजनों को संबोधित करते हुए सुनीता वर्मा ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया और छत्तीसगढ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठित समाज से सशक्त राष्ट्र की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर प्रमुख हेमन्त टिकरिहा,जमवंत वर्मा, नरसिंग वर्मा, देवेंद्र कश्यप, बेदराम वर्मा, भिनेश्वर वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, गणेश बघमार, सोनचंद वर्मा, सरिता नायक, कांति वर्मा, राजेश वर्मा, अक्षय वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, इश्वर वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, माखन वर्मा, लक्ष्मी कांत वर्मा, अमरनाथ वर्मा सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में हुआ ध्वजारोहण



भाटापारा। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में गणतंत्र दिवस मनाया गया। अधिष्ठाता डॉ. एचएल सोनबोईर ने ध्वजारोहण पश्चात उद्बोधन में 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया के इतिहास में एक गौरवपूर्ण महत्वपूर्ण क्षण है। जिससे हमारे राष्ट्र की पहचान हैं। हम न केवल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, बल्कि वास्तव में लोकतंत्र की जननी हैं।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सांस्कृतिक एवं सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के प्रमाण पत्र अधिष्ठाता द्वारा प्रतिभागियों को प्रदाय किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी कर्मचारीगण तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सीमेंट संयंत्र में मनाया गया गणतंत्र दिवस



बलौदाबाजार। श्री रायपुर सीमेंट प्लांट परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्लांट के यूनिट हेड हुकम चंद गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। संबोधन में गुप्ता ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अनुशासन, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने तथा संगठन की प्रगति के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर प्लांट प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने संविधान के मूल्यों का पालन करने और सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के प्रतीक स्वरूप मिठाई वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

## प्रेस क्लब में अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



बलौदाबाजार। जिला स्तरीय प्रेस क्लब में गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष नरेश गनशानी द्वारा सरस्वती माता एवं भारत माता की छायाचित्र पर पुष्प माला एवं माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की, तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के विधि सलाहकार सतीश चंद्र श्रीवास्तव, सचिव दलजीत सिंह चावला, सलाहकार राघवेंद्र सिंह, संतोष यादव, सहसचिव विजय शंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, पुष्पकांत मेजर, मोहित मरकाम सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह



गोपालपुर। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में गणतंत्र दिवस देशभक्ति एवं अनुशासन के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे ने ध्वजारोहण कर संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। जेईई मेंस में चयनित विद्यार्थियों सहित एलकेजी से कक्षा 12वीं तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, योगा नृत्य व परेड ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्य संदीप कुमार पटेल ने संबोधन दिया। समारोह का समापन राष्ट्रनिष्ठा के संकल्प के साथ हुआ।

## भटगांव में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मना



भटगांव। नगर में गणतंत्र दिवस उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने ध्वजारोहण किया। शासकीय व निजी विद्यालयों, न्यायालय, तहसील, कृषि मंडी, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व देशभक्ति प्रस्तुतियां दीं। लोटस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नगर में परेड मार्च निकाला। साईं मंदिर चौक में भी ध्वजारोहण हुआ। दिनभर नगर में देशभक्ति का माहौल बना रहा।

## हथबंद विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं गणतंत्र दिवस मना



हथबंद। स्थानीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से राष्ट्रप्रेम और अनुशासन का प्रभावी प्रदर्शन किया। शाला समिति अध्यक्ष विद्या वर्मा ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। मुख्य अतिथि सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत ने संविधान पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सीके नायक ने आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## मोहरा-हिरमी क्षेत्र में मनाया गया गणतंत्र दिवस



हिरमी रावन। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मोहरा–हिरमी क्षेत्र के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में देशभक्ति वातावरण के बीच ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत मोहरा में सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा, भालेसूर में सरपंच नवीन कुमार वर्मा, मुसवाडीह में सरपंच अंजलि सारथी एवं प्रतिनिधि पवन कुमार सारथी द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति केंद्र मोहरा, हिरमी तथा आसपास के शासकीय विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ज्ञानोदय स्कूल हिरमी में गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता एवं स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रेम लाल सिन्हा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सस्वर राष्ट्रगान का गायन कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। मुख्य अतिथि प्रेम लाल सिन्हा ने विद्यार्थियों को देशप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य पीआर वर्मा ने गणतंत्र दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संविधान के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल प्रभारी शैल वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमेशा खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलना चाहिए। मंच का संचालन शिक्षक अजय निर्मलकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली, देशभक्ति गीत गाए



सेल। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी और इंग्लिश मिडियम स्कूल में तिरंगा झंडा शान से फहराया गया हैं। तिरंगे झंडे को सलामी दी गई हैं। महापुरुषों की पूजा अर्चना कर तिरंगा फहराया गया। बालक-बालिकाओं ने पंक्ति बनाकर प्रभात फेरी निकाली, जहां देश भक्ति गीत गाये गए। छात्र छात्राओं ने नृत्य पेशकश किया। देश भक्ति गीतों में छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें अतिथियों और शिक्षकों ने छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवनारायण वर्मा, प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, प्रधानपाठिका स्वर्णलता डड़सेना, शिक्षक रोहित साहू, हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, रमहैया लाल कश्यप, छोटूदास मानिकपुरी, ओमप्रकाश साहू, जैकलिन हैरेंज, गोदावरी पटेल, निशा देशलहरे, दीपक यादव, हेमा दुबे, सीमा कुर्रे, प्रज्ञा पटेल, अश्वनी कौर, पुष्पेंद्र साहू, गवेशचंद्र हिरवानी, श्रेया वाकडे, मानसी पटेल, गौतम पटेल, विकास कुर्रे, मयंक चंद्राकर, नेहा घृतलहरे, श्रृष्टि मिश्रा, शुभम सोनी, अविनाश दास, सुरेश कुमार साहू, केशव वर्मा, परसराम साहू पंच, सचिव सनत कुमार पंकज, पंच प्रतिनिधि दिलीप दिवाकर, लेखराम जायसवाल, साहेबलाल पैंकरा, खोलबहरा प्रसाद वर्मा, रामकुमार खूंटे पंच सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका और पालक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भालेसुर में गणतंत्र दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



हिरमी रावन। ग्राम भालेसुर स्थित प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे वातावरण देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए अनुशासन एवं कर्तव्य के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें सदैव सजग और सतर्क रहने की सीख दी। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में सभी ने राष्ट्र के प्रति निष्ठा और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस कार्यालय में हुआ झंडारोहण



सिमगा। ब्लॉक कांग्रेस के सिमगा कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर सतनामी समाज के अध्यक्ष एवं राजमहंत जगमोहन मार्कण्डेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन देश के गौरव और सम्मान का दिन है। आज के ही दिन संविधान लागू हुआ था। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्य नागरिक को बधाई दी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील महेश्वरी, नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंदू साहू, पार्षद मो. याकूब, पार्षद परदेशी सोनकर, मो. अय्यूब, हिरेंद्र कोसले, मो. युनुस, नूर अली, सुनीता यादव, पिंटू सोनकर, सोनू भोसले, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पूर्व पार्षद लखन देवांगन, ललित देवांगन, पूर्व पार्षद संजय कोसले, विक्की पाण्डे, यश शर्मा, शेष साहू, ढेलू साहू, अंकुश भाटिया, दशरथ चंद्राकर, मनहरण सोनकर, लल्लू पाटकर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

बंगोली। ग्राम बंगोली में 27 जनवरी सुबह 5.30 बजे के लगभग अज्ञात वाहन के ठोकर से युवक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी से बंगोली निवासी राजूलाल कंडरा 40 वर्ष पिता स्व. मिलाप कंडरा रोज की तरह सुबह नहाने रोड किनारे गौटिया तालाब गया था तथा नहाने के बाद लौटते समय घर के पास ही खरोरा की ओर से तेज रफ्तार आते अज्ञात वाहन ने राजूलाल कंडरा को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजन पुलिस थाना व एंबुलेंस को फोन कर जानकारी दी, जहां तुरंत खरोरा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घटना मामला पंजीबद्ध कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। खरोरा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### हड़ताल से बंद रही बैंक



भाटापारा। यूएफबीवी यूनाइटेड यूनियन बैंक फोरम की हड़ताल का असर नगर में भी रहा। प्रमुख स्टेट बैंक, बैंकआफ बड़ौदा, पंजाब बैंक सहित आधादर्जन से अधिक बैंकों में ताले लगे रहे। इस बार लगातार तीन दिन छुट्टी के बाद चौथे दिन भी बैंक बंद रहा। उनकी मांग प्रमुख यह है कि सप्ताह में पांच दिन वर्किंग के होना चाहिये। इसी को लेकर देशव्यापी हड़ताल का असर यहां पर भी दिखा। वहीं दूसरी ओर लगातार तीन दिन फिर आज चौथे दिन बैंक बंद होने की वजह से सभी एटीएम खाली पड़े थे। कई लोग वापस लौटे, हालांकि प्रायवेट बैंक इस हड़ताल से दूर रहे, लेकिन वे भी चाहते हैं कि पांच दिन का वर्किंग डे हो।

### भरत देवांगन स्कूल में गणतंत्र दिवस मना



खरोरा। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा सहित अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्चपास्ट, देशभक्ति गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। स्काउट-गाइड, एनएसएस, खिलाड़ियों व पत्रकारों का सम्मान किया गया। प्राचार्य रजनी मिंज एवं अतिथियों ने संविधान, अनुशासन व राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रनिष्ठा के संकल्प के साथ हुआ।

## निधन

### राजूलाल कंडरा



बंगोली। स्थानीय निवासी राजूलाल कंडरा 40 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे ऊमा बाई कंडरा के सुपुत्र, तिरथ (मंथिर) कंडरा एवं स्व.सुदामा कंडरा के छोटे भाई और रविंद्र कंडरा, रमन कंडरा, डगेश्वर कंडरा, रितिक कंडरा के चाचा थे।

